तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय सन्धोल

## गाँव व तहसील सन्धोल
## जिला मण्डी (हि.प्र.)

## सी एम पी समाचार पत्र - 2024-25 ( जुलाई –सितंबर )






# हमारे संरक्षक



**श्री वरुण मित्र**

**उपायुक्त,**

**क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम**

| सहायक आयुक्त,<br>क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम | सहायक आयुक्त,<br>क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम | सहायक आयुक्त,<br>क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम | सहायक आयुक्त,<br>क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम |
|---|---|---|---|
| श्री संजीत कुमार | श्री टी.प्रीतम सिंह | श्री दीदार सिंह | श्री भूपेश भट्ट |

# प्राचार्या की ओर से सन्देश



सी एम पी पत्रिका विद्यालय का दर्पण होती है | केंद्रीय विद्यालय संधोल की यह पत्रिका उस दृष्टिकोण पर आधारित  है जो छात्रों एवं समाज के मध्य संचार के द्वार खोलती है | विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र व निरंतर विकास सुनिश्चित करना है |शैक्षिक गतिविधियों के साथ- साथ अन्य सहगामी गतिविधियों का आयोजन विद्यार्थियों के मध्य सामाजिक मूल्यों के विकास में सहायक  है | समावेशी विद्यालय की अवधारणा को पुष्ट करने, राष्ट्रीय शिक्षा निति -२०२० की अवधारणा को लागू करने एवं सौहार्दपूर्ण  शिक्षण अधिगम परिवेश का निर्माण करना ,आज समय की आवश्कता है | विद्यार्थियों की संरचनात्मकता  को पोषित करती,उनकी प्रतिभा को प्रकट करती ,इस पत्रिका के विमोचन के अवसर पर मुझे हृदय से अपार हर्ष महसूस हो रहा  है| मुझे पूर्ण विश्वास है कि विद्यालय के छात्र/छात्राएं अपनी शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक उपलब्धियों द्वारा विद्यालय एवं समाज की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगे |

सुश्री धीरज कौशल

# सी.एम.पी. कार्य प्रभारी की ओर से सन्देश



प्रत्येक बच्चा अनंत संभावनाओं वाला एक अद्वितीय व्यक्ति है। बचपन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण है, जहाँ बच्चे सीखने के अपने तरीके विकसित करते हैं। प्राइमरी में हमारा लक्ष्य उन्हें खुद को सकारात्मक रूप से व्यक्त करने के पर्याप्त अवसर प्रदान करके उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना है। हमारा सीएमपी न्यूज़लैटर विभिन्न विद्यालय गतिविधियों की झलक दिखाता है जो उनके सीखने के अनुभवों को बढ़ाते हैं।मैं प्राइमरी की सभी टीम के सदस्यों, साथ ही उत्साही छात्रों और उनके माता-पिता को उनके निरंतर समर्थन के लिए बधाई देना चाहता हूँ। मैं अपने मार्गदर्शकों और विद्यालय प्रबंधन को उनके समय पर मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूँ ।

# प्रात:कालीन सभा की एक झलक



# शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी

केंद्रीय विद्यालय संधोल में शिक्षण अधिगम सामग्री (टी.एल.एम) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत शिक्षको विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए शिक्षण अधिगम सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई|



# पर्यावरण शिक्षा, जागरूकता एवं प्रशिक्षण

केंद्रीय विद्यालय संधोल में पर्यावरण के बारे में जागरूकता फ़ैलाने के लिए इको क्लब बनाया गया है| इसके जरिये छात्रों को पर्यावरण के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने क लिए प्रेरित किया जाता है| इसके अंतर्गत बच्चे अपने जन्मदिन पर पौधा लगते है|



# स्वतंत्रता दिवस

हमारे विद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से आयोजित किया गया| छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बाँधा| कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या महोदया ने शिरकत की और आज़ादी के महत्त्व और स्वतंत्रता सेनानियों का गौरवगान किया|



# रक्षाबंधन

केंद्रीय विद्यालय संधोल में इको फ्रेंडली पदार्थो का प्रयोग करते हुए राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया|



# जन्माष्टमी

केंद्रीय विद्यालय संधोल में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बच्चे राधा व कृष्ण बनकर आये और बच्चो ने हर्षोल्लास के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया |



# राष्ट्रीय खेल दिवस

हमारे केंद्रीय विद्यालय संधोल में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और खेल भावना को बढ़ावा देने क लिए विभिन्न खेल गतिविधियों को आयोजन किया जाता है| इन गतिवधियों में अथेलेतिक्स,फुटबॉल,वॉलीबॉल,क्रिकेट,बैडमिंटन,टेबल टेनिस शामिल है|नियमित अंतर-गृह प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाता है ताकि सहभागिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया जा सके| इसके आलावा,छात्रों को उनके चुने हुए खेलो में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण सत्र भी प्रदान किये जाते है| ये गतिविधियाँ छात्रों के समग्र विकास में मदद करती है|



# हिंदी पखवाड़ा

हिंदी पखवाडा के अंतर्गत बच्चो के लिए श्रुतलेख, दोहा वचन, तात्कालिक भाषण,वाद- विवाद ,निबंध लेखन, नाटक मंचन और देशभक्ति गीत जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया|




# स्वच्छता पखवाडा

केंद्रीय विद्यालय संधोल में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व का सन्देश दिया और मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया|



# अधिगम उपलब्धि परीक्षण

कक्षा तीसरी एवं पांचवीं के लिए अधिगम उपलब्धि परीक्षा का आयोजन विद्यालय में किया गया|



# मौखिक पठन प्रवाह परीक्षण

सूचना प्राद्योगिकी के प्रयोग द्वारा विद्यार्थियों का मौखिक पठन प्रवाह का तारा ऐप के माध्यम से परीक्षण किया गया|



# धन्यवाद

प्रस्तुत कर्ता – श्री आकाश  यादव ( प्राथमिक शिक्षक )
सी.एम.पी प्रभारी – श्री प्रवीन कुमार
सहयोगी- समस्त प्राथमिक शिक्षक गण